>

Title: Need to approve the proposal of Punyashlok Ahilyadevi Holkar University in Solapur, Maharashtra for construction of swimming pool and multi purpose hall.

डॉ. जयसिद्धेश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र के शोलापुर शहर में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर विश्वविद्यालय है । इसकी स्थापना 1 अगस्त, 2004 को हुई है तथा इसका उद्घाटन 3 अगस्त, 2004 को महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल मोहम्मद फजल के करकमलों द्वारा हुआ है । इसके पूर्व इसे शोलापुर विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाता था ।

इस विश्वविद्यालय को डिजिटल विश्वविद्यालय कहा जाता है । इस विश्वविद्यालय में समाज शास्त्र, पदार्थ विज्ञान शास्त्र, पर्यावरण शास्त्र, शिक्षण शास्त्र और गणित शास्त्र ऐसे छह विभाग हैं । सामाजिक शास्त्र विभाग में पत्रकारिता का भी समावेश है । इस विश्वविद्यालय का केवल शोलापुर जिले के लिए ही निर्माण हुआ है । यह एक विशेष बात है ।

इस विश्वविद्यालय की मालिकाना जमीन 527 एकड़ है तथा 1 लाख 25 हजार छात्र इस विश्वविद्यालय के अंतर्गत शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । इस विश्वविद्यालय से जिले के 110 कॉलेज संबद्ध हैं ।

विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार के खेल मंत्रालय की तरफ एक प्रस्ताव द्वारा 'खेलो इंडिया' योजना के अंतर्गत स्वीमिंग पूल तथा मल्टीपर्पज हॉल के लिए धनराशि की मांग की गई है । विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की शिक्षा हेतु इन प्रस्तावों को मंत्रालय द्वारा धनराशि देने हेतु उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है ।